**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर आज बड़वारा तहसील में करेंगे जनसुनवाई

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव मंगलवार 11 मार्च को आयोजित होने वाली नियमित जनसुनवाई के दौरान तहसील कार्यालय बड़वारा में स्वयं मौजूद रहकर नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई हेतु अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। कलेक्टर श्री यादव ने तहसील कार्यालय बड़वारा में मंगलवार 11 मार्च को आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के जिला अधिकारियों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है। जन समस्याओं और शिकायतों के निराकरण की संवेदनशील पहल करते हुए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने लोगों के पास खुद जाकर उनकी शिकायतों और समस्याओं को जानने- सुनने और निराकरण करने का निर्णय लेकर सुशासन के नजरिए से जवाबदेह और जनोन्मुखी प्रशासन की नजीर पेश की है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार 11 मार्च को प्रातः 11 बजे आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपर कलेक्टर साधना परस्ते सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहकर जनसुनवाई करेंगे और नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगे।

### होली पर्व के नजदीक आते ही बाजार में बढ़ी चहल पहल, रंग गुलाल, पिचकारी की दुकानों में दिखने लगी भीड़

# होली के लिए सजा बाजार, धुरेड़ी के लिए 3 दिन इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगों का महापर्व होली के लिए अब महज तीन दिन का ही समय शेष है। 14 मार्च को धुरेड़ी का पर्व मनाया जाएगा। एक दिन पूर्व 13 मार्च को होलिका दहन होगा। त्यौहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। हालांकि इस बीच विद्यार्थियों की परीक्षाएं भी चल रही हैं जिससे बच्चों का फोकस पढ़ाई पर ज्यादा है लेकिन पर्व को लेकर बच्चे भी उत्साहित नजर आ रहे हैं। बाजार भी पूरी तरह से सज चुका है। दुकानों पर रंग, गुलाल और पिचकारी सज चुकी हैं। त्यौहार नजदीक होने के चलते बाजार में चहल पहल भी बढ़ गई है। होली में लोग अनोखी टोपियां और मुखौटे भी पहनते हैं खासकर बच्चे। इनकी भी मांग है

इस साल रंगों का त्योहार मार्च के दूसरे सप्ताह में ही मनाया जाएगा। इसको लेकर बाजार में तैयारियां और रौनक बढ़ने लगी है। पर्व को लेकर उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रंग गुलाल की दुकानों लोग उमड़ रहे हैं। लोग साधारण और केमिकल युक्त गुलाल की जगह पर बिना केमिकल का नेचुरल गुलाल अधिक खरीद रहे हैं। पिचकारियों की बात करें तो दुकानों पर मिल रही कई प्रकार की पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस बार होली को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है।

बाजार में होली के रंग बिखरने लगे हैं।



खरीदारी को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। सोमवार को बाजार में ग्राहकों की थोड़ी भीड़ भाड़ नजर आई। दुकानों पर एक से बढ़कर एक नए-नए उत्पाद उपलब्ध है। बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर पिचकारियों की डिमांड भी कुछ कम नहीं है। दुकानों पर रंगों और गुलाल के साथ-साथ गिफ्ट पैक भी बिक रहे हैं। इस बार बच्चों के लिए अलग-अलग तरह की पिचकारियां दुकानों पर सजी हुई है। 20 रुपये से लेकर हजार रुपये तक का आइटम उपलब्ध है। नए-नए डिजाइन के आइटम लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए है।

### दुकानों में भी लग रही भीड़

होली पर्व में रंगों के साथ साथ पकवानों का खूब लुत्फ उठाया जाता है। नगर के मिष्ठान दुकान संचालक तरह-तरह के नमकीन और मिठाईयों बनाने की तैयारी में जुटे हैं। होली में मिठाई एवं नमकीन की भी अच्छी मांग रहती है। नगर के सुभाष चौक, मिशन चौक, गोल बाजार, सिल्वर टॉकीज मार्ग पर मिष्ठान की दुकानों को सजाया गया है। बाजार में एक ओर जहां पिचकारी व रंगों से दुकान की शोभा बढ़ाई जा रही है वहीं दूसरी तरफ महिला-पुरुषों की भीड़ शहर के मालों से लेकर कपड़ों और मिठाई की दुकानों पर देखी गई।

### व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने निर्देश

होली पर्व के पूर्व प्रत्येक थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संवेदनशील इलाकों में पुलिस की निगरानी रहेगी। होली पर्व को लेकर एसपी के निर्देश पर जिले भर के थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस अलर्ट हो गई, गश्त की जा रही, पुलिस ने बदमाशों को भी पर्व में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं करने की कड़ी ताकीद दी जा रही है। जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।

## होली पर्व में सुरक्षा के रखें पुख्ता इंतजाम

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न शांति समिति की बैठक में जिले के नागरिकों से आगामी त्यौहार होलिका-दहन, होली, परीवा, भाई दूज, नवरात्रि बैठकी, ईद-उल-फितर एवं नवरात्रि जवारा विसर्जन का पर्व गौरवशाली परंपरा के अनुरूप मनाने के साथ ही समरसता, शालीनता, सौहार्द और शांतिपूर्ण ढंग से रंगों का त्यौहार होली बनाने की अपील की गई है। इस मौके पर अपील की गई है कि केवल गुलाल और हर्बल रंग के साथ होली खेली जाये और किसी भी प्रकार की मिट्टी या कीचड़ का उपयोग नहीं हो।

बैठक में एसपी अभिजीत कुमार रंजन, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डहरिया, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, आयुक्त नगर निगम नीलेश दुबे, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग शारदा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सभी पुलिस थानों के टीआई और शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

शांति समिति की बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि होली के अवसर पर कानून और शांति व्यवस्था बनाये रखने और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं



के लिये विभागों के अधिकारियों को दायित्व निर्वहन के लिये ड्यूटी आदेश जारी किये जा रहे है। उन्होने बताया कि होली के दिन शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। बच्चों की परीक्षाओं के मद्देनजर डीजे बजाने और लाउडस्पीकर के बिना अनुमति प्रयोग तथा कोलाहल प्रतिबंधित रहेगा। होली के लिये हरे-भरे वृक्ष नहीं काटे जायें। वन मण्डल के डिपो में शासकीय दर पर लकड़ी विक्रय के लिये उपलब्ध रहेगी। होलिका दहन बिजली के तारों और ट्रान्सफार्मर्स के समीप या डामरयुक्त सड़क पर नहीं किया जाये। त्यौहार के अवसर पर विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित रहे, इसके लिये विद्युतकर्मी कन्ट्रोल रुम में बैठेंगे। जिला अस्पताल में इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवायें चाक-चौबंद रखी जायेंगी। शहर के दो मेडिकल स्टोर्स भी खुले रखे जायेंगे। कन्ट्रोल रुम में एम्बुलेन्स और फायर ब्रिगेड मौजूद रहेंगे।

होली के त्यौहार में जबरन चन्दा वसूली नहीं होगी और ना ही रंगों के स्थान पर पीली व लाल मिट्टी का उपयोग किया जायेगा। बाईक पर या सड़कों पर वाहनों के साथ घींगा मस्ती करने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी।

आयुक्त नगर निगम ने बताया कि होली के दिन दोपहर के समय विशेष रुप से जलापूर्ति की जायेगी। होली के त्यौहार पर किसी भी तरह की अप्रिय घटना की संभावना पर पुलिस के डायल-100 पर सूचना दी जा सकेगी।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि पारम्परिक उल्लास और सौहार्द के वातावरण में होली का त्यौहार मनायें। किसी का त्यौहार किसी के लिये परेशानी का सबब नहीं बने, इसका ध्यान रखें।

**दो की हालत गंभीर जबलपुर के लिए किया गया रेफर**

## बारात से वापस लौट रहे बाइक सवारों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

बारात से वापस लौट रहे तीन युवकों की मोटरसाइकिल और मिनी ट्रक की आपस में भिड़ंत हो गई। घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल है। घटना में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। तीनों घायलों को सिहोरा अस्पताल में भर्ती कराया। जहा से घायलों को जबलपुर रेफर किया गया।पुलिस ट्रक को जब्त थाना में खड़ा कराया है।वहीं पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक उमरियापान निवासी सत्तू पिता सीताराम कोल (20), लक्ष्मण पिता बसंत कोल(35) और किशन



पिता बल्दन कोल (33) मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेडपी 4059 से खितौला थाना क्षेत्र के शरदा गांव बारात में गए थे। सुबह वापस घर लौटते समय युवक कुर्रे रोड़ मोड़ पहुँचे, तभी सामने से आ रहे मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेडटी 8832 के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि मोटरसाइकिल और सत्तू ट्रक में फंसकर काफी दूर तक घिसट गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं किशन और लक्ष्मण मोटरसाइकिल से उचटकर सड़क किनारे जा गिरे, जिससे उनके गंभीर चोटें आई है।

### पिकअप की टक्कर से घायल हुआ युवक

उमरियापान थाना क्षेत्र के बम्हनी में महावीर तिराहे के पास पिकअप वाहन के चालक ने बाइक सवार एक युवक को टक्कर मार दी। घटना में घुघरी निवासी कृष्ण कुमार पिता इंदल लोधी (18) को गंभीर चोटें आई है। जानकारी लगते ही पुलिस पहुचीं और घायल को अस्पताल पहुँचाया। युवक बाइक क्रमांक एमपी 21 एमक्यू 9641 से बम्हनी दुल्हन के लहंगा चुनरी देकर वापस लौट रहा था। तभी महावीर तिराहे के पास सामने से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 21 जी 2594 के चालक ने टक्कर मार दी।



## भुड़सा पंचायत में शांति समिति की हुई बैठक

**बड़वारा।** सोमवार को ग्राम पंचायत भवन भुड़सा में आगामी त्यौहार होली के संबंध में प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें ग्रामीण जनों को पुलिस प्रशासन द्वारा होली में किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियां न करने की समझाइश दी गई। बैठक के दौरान मुख्य रूप से सरपंच पति जियालाल, रोजगार सहायक राजेश विश्वकर्मा, चंद्रभान सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, रज्जन सिंह चौहान, सचिन सिंह चौहान, प्रमोद सेन एवं अनेक ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 की परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रविवार 16 मार्च से मूल्यांकन केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में किया जाना है। प्रथम चरण में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 की हिन्दी विषय के मूल्यांकन हेतु सोमवार 10 मार्च को दोपहर 2 बजे से 5 तक स्थान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव



नगर कटनी में मूल्यांकन कर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, एडीपीसी अभय जैन सहित राज्य स्तरीय मास्ट्रर ट्रेनर आलोक पाठक, एन.पी. गुप्ता एवं संध्या बेन सहित मूल्यांकन अधिकारी सहित प्राचार्य एम किंडों की मौजूदगी रही।

### विद्यार्थियों के कौशल विकास पर कार्यशाला

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों के कौशल विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे के निर्देशन में प्रकोष्ठ प्रभारी दीपिका जैन के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुंबई से पहुँचे राज पाटिल,विक्रम जाधव और अर्शलन खुर्शीद ने विद्यार्थियों को कौशल और रुचियां के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग अवसर होते है। कौन सा रास्ता सही है,इसको समझें। अपनी ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करें।

**उड़न दस्ते के दल के सदस्यों ने किया केन्द्रों का निरीक्षण**

## 98 केन्द्रों में 15 हजार 253 परीक्षार्थी ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहीं है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सोमवार 10 मार्च को हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 25 अंतर्गत कक्षा 10वीं के गणित विषय की परीक्षा जिले के 97 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। गणित विषय की परीक्षा के दौरान 15 हजार 587 परीक्षार्थियों में से 15 हजार 252 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान उपस्थित हुए तथा 338



परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे। जबकि हाईस्कूल की कक्षा 12वीं की मनोविज्ञान विषय के कुल 1 परीक्षा केन्द्र में आयोजित परीक्षा के दौरान 1 विद्यार्थी की मौजूदगी रही।

जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर संचालित परीक्षाओं का निरीक्षण किया। सोमवार को आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2025 में जिला शिक्षा अधिकारी श्री पृथ्वी पाल सिंह द्वारा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों कुंदन दास हायर सेकेंडरी स्कूल, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री हायर सेकेंडरी स्कूल, वेंकट वार्ड कन्या हायर सेकंडरी स्कूल,नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा मंडल के निर्देशों अनुरूप एवं शांतिपूर्ण पाई गई। जबकि सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के दल ने परीक्षा केंद्र घुघरा, बिलहरी, निटर्रा, हथकुरी आदि परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उक्त केंद्रों में भी परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई। सोमवार को हुई परीक्षाओं के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र में एक भी नकल का प्रकरण नहीं बना।



**खबर संक्षेप**



### कांग्रेस नेता पर चाकू से हमला आरोपित फरार

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत बजरिया स्थित चाय की दुकान के पास कांग्रेस नेता पर चाकू से हमला करने की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि कांग्रेस नेता आफताब अहमद पर सोमवार सुबह चाकू से हमला किया गया। हमला करने के बाद हमलवार मौक़े से फरार हो गया। कांग्रेस नेता को हमले में गर्दन सहित कई जगह गहरे घाव हैं। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में खलबली मची हुई हैं। घायल कांग्रेस नेता को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया है। जहाँ पर उनका इलाज जारी हैं। घटना की जानकारी लगने पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मिथलेश जैन अपनी पत्नी एवं साथियों सहित जिला अस्पताल पहुंचें और चोखे भाईजान का हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने शहर में कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाया और कहाँ कि पूरे जिले और शहर में कानून व्यवस्था ठप्प है। अपराधियों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। बताया जाता है कि जितेंद्र वंशकार नामक युवक ने नेता पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

### डाला की टीम ने पाली को 80 रन से दी शिकस्त

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम डाला (बरहा टोला ) में चल रही स्वर्गीय ओमकार धुर्वे सशक्त बल की पुण्य स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला पाली और डाला के बीच खेला गाया। डाला की टीम ने 16 ओवर में 150 रन बनाए । जवाब में पाली की टीम ने सभी विकेट पर 70 रन ही बना सकी। डाला की टीम ने 80 रन से मैच जीत लिया विजेता टीम को 12000 नगद और शील्ड और उपविजेता को 6000 रुपया नगद और शील्ड का पुरुस्कार मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी , कुशाल धुर्वे ,दुर्गा धुर्वे ने प्रदान किया ।

### सोमवार सुबह मिली 8 वर्षीय मानवी की लाश

**कटनी।** उमरियापान थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम परसवारा के समीप स्थित नर्मदा नहर में तीन बच्चियों के डूबने की घटना के मामले में तीसरी बच्ची मानवी का शव सोमवार की सुबह पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के साथ कड़ी मशक्कत से बाहर निकाली। जबकि रविवार को दो बच्चियों के शव पहले ही गोताखोरों के द्वारा बाहर निकाले जा चुके थे लेकिन तीसरी बच्ची का पता नहीं चला था। अंधेरा हो जाने के कारण तलाश रोक दी गई थी। गौरतलब है कि रविवार को परसवारा गांव की चार बालिकाएं नहर में नहाने गई थी। नहर के पानी में डूबने से सिद्धिका पिता मनोज लोधी 12 साल एवं अंशिका पिता बसंत लोधी 15 वर्ष की मौत हो गई थी। गोताखोरों ने उनके शव को नहर से निकाल लिया था। अनन्या पिता अमित पटेल 12 को बचा लिया गया था। जबकि चौथी लड़की 8 वर्षीय मानवी पिता मनोज लोधी का पता नहीं चल पाया था। एक ही गांव की तीन बच्चियों की समय मौत के कारण पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है।

**सी.एम. हेल्पलाइन एवं न्यायालयीन प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण**

# योजनाओं के क्रियान्वयन में नहीं हो कोताही, प्रमुखता से करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्ट्रेट कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय - सीमा की बैठक में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें विभागीय कार्यो, शासकीय योजानाओं, सी.एम.हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों पर संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही करनें के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव नें कहा कि आमजन से जुडी योजनाओं का परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। बैठक में विभिन्न विभागों की आयोग से प्राप्त शिकायतें और उच्च न्यायालय में लंबित एवं प्रचलित न्यायालयीन प्रकरणों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही कर जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर श्री यादव नें विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते की मौजूदगी रही।



बैठक में श्री यादव ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में कुपोषित बच्चों के नियमित वजन करने और आंगनवाड़ियों में टेक होम राशन की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने उर्जा विभाग के अधीक्षण यंत्री को बिगड़े और खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने में गति लाने की हिदायत दी। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकायिों को निर्देशित किया कि जिस पंचायत के ट्रांसफार्मर खराब हो उस पंचायत के सरपंच एवं सचिव की मदद लेकर ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर लंबित बिल का भुगतान करवाकर ट्रांसफार्मर बदलने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली के संबंध में भी अधिकारियों को त्वरित पहल के निर्देश दिए। उन्होंने जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी पीके अहिरवार से जिले की बनी अब तक की विजन डॉक्यूमेंट की जानकारी को अद्यतन करने के निर्देश दिए।

**फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लायें तेजी**

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें जिले में शिविर के माध्यम से कराये जा रहे कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए राजस्व एवं कृषि विभाग के अमले को इस कार्य में प्रगति लानें तथा 20 मार्च तक शत - प्रतिशत कार्य पूर्ण करनें के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसीलदार इस कार्य हेतु आयोजित विशेष कैंपों को गंभीरता से लें और फॉर्मर आईडी कार्य में उनके कार्यों की प्रगति दिखनी भी चाहिए।

**आयोग के लंबित प्रकरणों पर शीध्र करें कार्यवाही**

कलेक्टर श्री यादव नें विभिन्न विभागों में लंबित एवं प्रचलित नेशनल आयोग, मानव अधिकार आयोग, अनुसूचित जाति आयोग, अनुसूचित जनजाति आयोग, महिला आयोग, ई.ओ.डब्ल्यू के लंबित प्रकरणों एवं नवीन प्राप्त प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को लंबित प्रकरणों पर शीध्र कायवाही करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**अधिकारी रखें अद्यतन जानकारी**

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के स्थल के आसपास की ग्राम पंचायतों में संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों, निर्माण व विराम कार्य सहित हितग्राहीमूलक योजनाओं कीअद्यतन जानकारी रखें ताकि जनसंवाद के दौरान पहुंचने वाले आवेदकों को अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जा सके।

**न्यायालयीन प्रकरणों में गंभीरता से करें कार्यवाही**

कलेक्टर श्री यादव नें उच्च न्यायालय में लंबित विभिन्न विभागों के अवमानना प्रकरणों, राजस्व विभाग के अवमानना प्रकरण सहित एस.डब्ल्यू शाखा के लबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर लंबित प्रकरणों में शीध्र जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, एस.डी.एम प्रदीप मिश्रा, महेश मंडलोई, राकेश चौरसिया, विंकी उईके सिंहमारे, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे, लोक सेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, जनपद पंचायतों के समस्त सी.ई.ओ, कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई कालू सिंह डामोर, जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, सी.एम.एच.ओ डॉ आठ्या, उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार सहित अन्य विभाग प्रमुख मौजूद रहे।



## कक्षा 5वीं एवं 8वीं का मूल्यांकन कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में कटनी विकासखण्ड के कक्षा 5वी एवं कक्षा 8वी की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट)कटनी में 8 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। डाइट कटनी की प्राचार्य श्रीमती मनोरमा डुंगडुंग के निर्देशन में चल रहे उक्त मूल्यांकन कार्य में कक्षा 5वी की कुल 19835 उत्तरपुस्तिकाओं जिसमें हिंदी माध्यम की 14236, अंग्रेजी माध्यम की 5524, उर्दू माध्यम की 75 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो रहा है।

इसी तरह कक्षा 8वी की कुल 31968 उत्तरपुस्तिकाओं जिसमें हिंदी माध्यम की 25644, अंग्रेजी माध्यम की 6324 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो रहा है।

उक्त उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए कटनी के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की सेवाएं ली जा रही हैं।

मूल्यांकन कार्य के लिए डाइट व्याख्याता आर के सिन्नरकर एवं उमाशंकर सैनी को मूल्यांकन केंद्र सहायक बनाया गया है, जनपद शिक्षा केंद्र के अकादमिक समन्वयक राकेश दुबे, सपना चतुर्वेदी एवं जनशिक्षक अरुण सिंह परिहार, अरुण पटेल, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, तकनीकी सहायक जय चौधरी व चंद्रपाल धाकड़ नियुक्त किए गए हैं। वर्तमान में 148 शिक्षक मूल्यांकन कार्य में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं 100 और शिक्षकों को विषयवार मूल्यांकन कार्य हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

मूल्यांकन केंद्र प्रभारी एवं डाइट प्राचार्य ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि मूल्यांकन कार्य मे नियुक्त शिक्षकों की सेवाएं मध्यप्रदेश अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विछिन्नता निवारण अधिनियम 1979 के प्रावधानों के अंतर्गत अत्यावश्यक सेवाएं घोषित की गई हैं अतः मूल्यांकन कार्य मे अनुपस्थित रहने अथवा लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

**पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस तिलक महा विद्यालय में आयोजन**

## संविधान - एक सामाजिक क्रांति का दस्तावेज विषय पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार 8 मार्च को राजनीति विभाग द्वारा संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर संविधान एक सामाजिक क्रांति का दस्तावेजष विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भारतीय संविधान की सामाजिक परिवर्तनकारी भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ सुनील कुमार वाजपेई ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ष्संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और स्वतंत्रता का आधार है। यह एक जीवंत दस्तावेज है, जो समाज को सतत प्रगति की ओर अग्रसर करता है।ष

संगोष्ठी में आमंत्रित वक्त डॉ रजनीश कुमार कुशवाहा ने अपने विशेष व्याख्यान में संविधान के निर्माण, इसके सामाजिक सरोकार और भारतीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने में इसकी भूमिका पर विचार रखे। वक्ता ने संविधान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संविधान ने हाशिए पर खड़े समाज के वर्गों को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। उन्होंने नागरिक अधिकारों, सामाजिक समरसता और संविधान की वर्तमान प्रासंगिकता पर भी चर्चा की।

संगोष्ठी के समापन सत्र में राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो के पी मिश्रा ने संविधान की मूल भावना को बनाए रखने और उसे जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस संविधान महोत्सव के इस कार्यक्रम में एन एस एस प्रभारी डॉ माधुरी गर्ग और एन सी सी प्रभारी सरदार दिवाकर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे हैं।

राजनीति विभाग के प्राध्यापक सागर पटेल सभी अतिथियों और सहभागियों को धन्यवाद देते हुए संविधान के मूल्यों को व्यवहारिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

**नवोदय विद्यालय में छात्राओं को दिया कराते का प्रशिक्षण**




पीएम श्री योजना के अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय कटनी में छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु विगत महीनों से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें प्रशिक्षिका सुश्री श्रद्धा द्विवेदी ने छात्राओं को आत्म सुरक्षा हेतु कराटे का प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं की आत्म सुरक्षा हेतु कराटे के प्रशिक्षण के अलावा लाठी का भी प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का रविवार दिनांक 09 .03 .2025 को समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं ने अपने प्रशिक्षण में प्राप्त कौशल का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा जिला-कटनी के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती ज्योति सिंह एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ सहयोग से संपन्न हुआ। इस समापन में कराटे के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी प्रमोद विश्वकर्मा की उपस्थिति रही।

## ट्राइकोडर्मा विरडी के उपयोग का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मैं विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के तहत प्रचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ट्राइकोडर्मा विरडी का उपयोग विभिन्न रोग कारकों के नियंत्रण पौधों की अच्छी वृद्धि एवं मृदा में उपस्थित सूत्र कृमि के नियंत्रण के लिए किया जाता है। ट्राइकोडर्मा विरडी से उगरा जड़ सड़न पौध गलन कंडवा भूमि जनित एवं बीज जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए किया जाता है इसका उपयोग बुवाई से पूर्व बीज उपचार के लिए 8 से 10 ग्राम ट्राइकोडर्मा 1 किलो बीज में मिलाकर बुवाई के पूर्व उपचारित किया जाना चाहिए। रोपणी उपचार के लिए बीज के बुवाई के पूर्व 10 से 25 ग्राम ट्राइकोडर्मा प्रति 100 वर्ग मीटर स्थान की दूरी को कंपोस्ट के साथ मिलाकर रोपणी को उपचारित करना चाहिए । जड़ एवं कंद उपचार के लिए 8 से 10 ग्राम ट्राइकोडर्मा को 1 लीटर पानी में घोलकर जड़ एवं कंद का उपचार करना चाहिए। भूमि उपचार के लिए 5 किलो ट्राइकोडर्मा को प्रति हेक्टर की दर से 100 किलोग्राम कंपोस्ट या वर्मी कंपोस्ट के साथमिलाकर खेत की अंतिम जुताई के समय भूमि में मिला देना चाहिए। विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी के अंतर्गत पौधों में रोग नियंत्रण का तकनीकी प्रशिक्षण दिया



**खेर माता मंदिर प्रांगण में ग्राम उत्सव का हुआ आयोजन**

## ग्राम मुखास में खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा प्रस्तावित आदर्श ग्राम मुखास में ब्लॉक समन्वयक बविता शाह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था सिलौंडी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मुखास के सहयोग से खेर माता मंदिर प्रांगण में *ग्राम उत्सव* का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे ग्राम में उत्साह और उल्लास का माहौल बना दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं से हुई। पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए रस्साकसी प्रतियोगिता और कुर्सी दौड़ जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नवांकुर संस्था सिलौंडी के विकास हल्दकार द्वारा संस्था की ओर से पुरस्कार वितरित किए गए। पूरे आयोजन का सफल संचालन संस्था प्रभारी कोदू लाल हल्दकार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में परामर्शदाता सत्येंद्र सिंह ने ग्रामवासियों को स्वच्छता के महत्व पर प्रेरणादायक जानकारी दी और सीएमसीएलडीपी छात्रों को क्षेत्रीय भ्रमण कराकर विकास कार्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर ग्राम मुकद्दम धर्मेंद्र ने आदर्श ग्राम की अवधारणा को साकार करने के लिए सभी ग्रामीणों की सहभागिता पर जोर दिया। सभी ने मिलकर ग्राम को विकास की ओर अग्रसर करने के लिए योजनाएं बनाई।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत और समिति के सहयोग से आयुष्मान भारत योजना के तहत 45 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, जिससे ग्रामवासियों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिल सके एवं सामाजिक समरसता भोज का आयोजन ग्राम वासियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की उपस्थिति जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक श्रीमति बबीता शाह, सेक्टर प्रभारी सिलोड़ी विकास हल्दकार, सेक्टर प्रभारी धरवारा, कोदूलाल हल्दकार, परामर्शदाता सतेंद्र सिंह राजपूत, सरपंच द्रोपदी बाई आदि मौजूद थीं।

**खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही**

## मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ भंडारण एवं विक्रय पर 50 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी साधना परस्ते ने मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ पैक्ड इमामी हेल्थी एंड टेस्टी कच्ची घानी मस्टर्ड आईल का भंडारण एवं विक्रय करने पर थींक फ्रेश सुपर मार्केट के कान्हा साहू पिता अखिलेश साहू निवासी फ्लैट नंबर 1 विंग नंबी 4 आर डीयल हिल्स नर्मदा रोड भटौली जबलपुर पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए 50 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

जिले मे मिलावट से मुक्ति अभियान तथा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही का सिलसिला कलेक्टर के निर्देश पर निरंतर जारी हैं। जिसके तहत अमानक खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने कार्यवाही जारी है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता द्वारा विगत 25 जनवरी 2022 को निरीक्षण के दौरान हेमूकालानी वार्ड माधवनगर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान थींक फ्रेश सुपर मार्केट का औचक निरीक्षण प्रतिष्ठान संचालक कान्हा साहू की मौजूदगी में किया गया। निरीक्षण के दौरान मोके पर रखे विभिन्न प्रकार के खाद्य तेल, घी, मायोनीश आदि के भंडारण की गुणवत्ता पर संदेह होनें पर प्रतिष्ठान संचालक के समक्ष नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए खाद्य पदार्थ इमामी हेल्दी एण्ड टेस्टी कच्ची घानी सरसों तेल तथा हेल्मन्स रियल मायोनीश के नमूना लिए जाकर साक्षियों के समक्ष हस्ताक्षर करवानें की कार्यवाही की जाकर पंचनामा तैयार किया गया। तदोपरांत एकत्रित खाद्य पदार्थो के नमूनों को जांच हेतु भेजे जाने पर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन कटनी द्वारा 11 मई 2022 को पत्र के माध्यम से इमामी हैल्दी एंड टेस्टी कच्ची धानी मस्टर्ड ऑयल पैक्ड का नमूना मिथ्याछाप होना बताया गया।

रिपोर्ट प्राप्ति के पश्चात प्रतिष्ठान संचालक को नमूने की जांच रिपोर्ट की प्रति सहित नमूने के द्वितीय भाग को पुनः परीक्षण कराये जाने बाबत डाक पत्र से सूचित किया गया। प्रकरण में खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा किया गया उल्लंघन केवल जुर्माना से दंडनीय होनें के कारण अभिहित अधिकारी द्वारा प्रकरण में आवश्यक विवेचना कर संबंधितों के वरूद्ध समस्त मूल एवं अन्य दस्तावेज अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए गए।

अनावेदक द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन को प्राप्त करने के पश्चात भी अपना कोई जवाब नहीं दिया तथा लगातार अनुपस्थित रहने के कारण अपने पक्ष में कोई भी कोई भी जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। जिससे विक्रेता कान्हा साहू के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक और मानक अधिनियम 2006 की धाराओं का उल्लंघन पाए जाने तथा लोक स्वास्थ्य हित में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जुर्माने से दंडित होने के कारण मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 के प्रावधानों उल्लंघन करने तथा दंड का भागी पाये जाने पर न्याय निर्णायक अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा थींक फ्रेश सुपर मार्केट के संचालक कान्हा साहू पिता अखिलेश साहू निवासी नर्मदा रोड भटौली जबलपुर को 50 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया है।

उपरोक्त अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से तीस दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय मे प्रस्तुत करनी होगी। अन्यथा की दशा मे खाद्य कारोबार कर्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## भाजपा की सरकार में महिलाओं को सशक्त और समृद्ध बनाने किया कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा कटनी द्वारा बिलहरी के चंडी माता मंदिर परिसर में आत्मनिर्भर एवं समाज को दिशा देने वाली महिलाओं के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया, समारोह के दौरान विभिन्न योजनाओ की लाभार्थी बहनों का शाल एवं माला पहना कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि भाजपा सही मायने में महिलाओं का सम्मान करती है. विपक्षी दल सिर्फ दिखावे के लिए महिला सम्मान की बात करते हैं। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकारों ने करोड़ों महिलाओं के लिए शौचालय बनवाकर उनका सम्मान बढ़ाया है। करोड़ों महिलाओं के खाते खुलवाकर बैंकिंग से जोड़ा है। उज्ज्वला सिलेंडर देकर उन्हें धुएं जैसी तकलिफों से बचाया है। आज करोड़ों लाड़ली बहनें आर्थिक रूप से शासन की योजना योजना का लाभ उठा रही हैं कटनी जिले में नगर परिषद,जनपद, महापौर से लेकर जिला पंचायत तक महिला बहिनें पदाशीन है महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास बीजेपी सरकार द्वारा किया जा रहा है।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन सोगानी ने कहा कि यदि समाज को मजबूत बनाना है, तो सबसे पहले महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को लेकर कई योजनाएं चलाई गई हैं, जिनमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, मुद्रा योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया एवं महिला आरक्षण लागू किया, स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर-घर शौचालय निर्माण हर घर नल हर घर जल जैसी अनेकों पहल शामिल हैं। पूर्व मंत्री श्रीमति अलका जैन ने कहा है कि बीजेपी सरकार में महिलाओं को विशेष सम्मान मिला है। महिलाओं की समस्या महिलाएं ही समझती हैं। महिलाएं राजनीति में आगे आएंगी तो समस्याएं अपने आप ही हल हो जाएंगी।

**खबर संक्षेप**

## युवक को आधा दर्जन लोगों ने पकड़ कर बेरहमी से पीटा, अस्पताल में भर्ती इलाज जारी

**पन्ना।** जिले के धरमपुर थाना अन्तर्गत ग्राम पुखरा से क्रिकेट खेल कर लौट रहे युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है घायल हुये युवक के भाई मनोज यादब ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 9 मार्च को मेरा भाई रामजी उर्फ नामी पिता मुन्ना यादव निवासी ग्राम पंचायत लोलाश ग्राम पुखरा क्रिकेट खेलने गया था जब वह वापस अपने साथियों के साथ लगभग 4 बजे घर लौट रहा था तब टिकुरिया के पास से लगभग आधा दर्जन लोगों के द्वारा मेरे भाई को रोक कर अपहरण कर ले गए और बेरहमी से उसके साथ मारपीट की गई जिसे उसके साथी घर के लोग ओर पुलिस काफी ढूंढते रहे लगभग रात आठ बजे मेरे भाई के साथ मारपीट कर छंगेराजा पेट्रोल पंप के पास अधमरा छोड़ कर चले गए जिसे धरमपुर पुलिस की मदद से अजयगढ़ अस्पताल लाया गया और भर्ती कराया गया जिसका इलाज जारी है बताया गया है कि नामी को खनिया के मंदिर के पास जंगल ले गए थे और उसकी बेरहमी से मारपीट की गई जिसके निशान उसके शरीर मे दिखाई दे रहे है। उक्त घटना में पुलिस ने युवक के बयान दर्ज कर लिए है और आगे की कार्यवाही कर आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

## इंडिया टीम की जीत पर देवेंद्रनगर में जश्न

**देवेन्द्रनगर।** इंडिया टीम की आईसीसी चौंपियनशिप ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत की खुशी में देवेंद्रनगर में उत्सव का माहौल रहा। इस चौंपियनशिप का आयोजन पाकिस्तान और दुबई में हुआ था, जिसमें भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी मैचों में जीत हासिल की और फाइनल तक का सफर तय किया। आज फाइनल मुकाबला न्यूजीलैंड और इंडिया के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने अपनी पारी को खत्म किया। भारतीय टीम ने उनकी चुनौती को 4 विकेट से नकारते हुए मैच में शानदार जीत दर्ज की। इंडिया की इस जीत के बाद देवेंद्रनगर में खासा उल्लास देखने को मिला। नागरिकों ने खुशी के इस मौके पर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक क्षण का आनंद लिया।

राज्यमंत्री के पिता भाव सिंह लोधी ने किया शुभारंभ, अतिथियों द्वारा कृषकों का किया सम्मान

# जबेरा में खुली विकासखंड स्तरीय मध्य प्रदेश की पहली मृदा परीक्षण प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/बनवार




मध्य प्रदेश की विकासखंड स्तरीय पहली मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का जबेरा में राज्य मंत्री के पिता श्री भाजपा के वरिष्ठ नेता भाव सिंह लोधी मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे जनप्रतिनिधियों के द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर उन्नत कृषि उपकरण उपयोग करने वाले जिले के प्रथम कृषक शीतल राय राय विनय राय पटना मानगढ़ सहित किसानों का अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया यह प्रयोगशाला किसानों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी, क्योंकि इससे उन्हें अपनी मिट्टी की गुणवत्ता का पता लगाने में मदद मिलेगी और वे अपनी फसलों के लिए उचित उर्वरकों का चयन कर पाएंगे। इस प्रयोगशाला में किसानों को अपनी भूमि (मिट्टी) का परीक्षण करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यह मध्य प्रदेश का विकासखंड स्तरीय पहला मृदा परीक्षण केंद्र होगा, जहां भोपाल की राधिका एग्रीकल्चर इंटरप्राइज के द्वारा परीक्षण केंद्र के प्रशिक्षित व अनुभवी कर्मचारी वैज्ञानिक तकनीकी के माध्यम से किसानों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण निशुल्क करेगी। किसानों के द्वारा खेतों से मिट्टी संग्रहण कर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में लाया जाएगा, जिसका परीक्षण करते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जाएगा। इसमें किसान के खेत की मिट्टी की पोषक तत्वों की जानकारी रहेगी, जिसके आधार पर किसान खेतों में फसल का चयन कर सकेगा और उचित दर पर उर्वरकों का प्रयोग कर सकेगा। बता दे जबेरा में वर्ष 2019 में मृदा परीक्षण केंद्र भवन बनकर तैयार हो गया था और प्रयोगशाला में रखी मशीन है जंग खा रही और किसानों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। कलेक्टर की संज्ञान में यह मामला आने केबाद मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का शुभारंभ आज हो गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह, रितेश सिंह, दिनेश पटेल, दीपक पटेल, अमित परमार, प्रिंस जैन, कृषि विस्तार अधिकारी सहित कुमारी मोनिका अग्निहोत्री वरिष्ठ उद्यान अधिकारी श्रीकांत साहू बीटीएम मुकेश पटेल क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों कृषकों की उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

तहसील न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन आनंद कुमार तिवारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय दमोह के निर्देशानुसार एवं ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला सिविल जज वरिष्ठ खंड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में श्रीमान राजेंद्र बर्मन न्यायिक मजिस्ट्रेट पथरिया द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में एन आई एक्ट के 02 एवं 17 दाडिक एवं 02 एमजेसी प्रकरणों का पक्षकारों की सहमति के आधार पर राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणो का भी निराकरण किया गया जिसमें बैंक एवं नगर पालिका के कुल 37 प्रकरण निराकृत हुए और 2 लाख की वसूली की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त अधिवक्ता संघ का पूर्ण सहयोग रहा।

# जीत के जश्न में डूबी उपकाशी, लहराया तिरंगा

### भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट फाइनल का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



दुबई में रविवार को चैंपियन ट्राफी का फाइनल मैच भारत व न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। सुबह से ही लोग मैच शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। दोपहर 2.30 बजे जैसे ही मैच प्रारंभ हुआ हटा नगर की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया लोग टीवी के सामने डटे रहे और रोमांचक मैच का लुत्फ उठाते रहे। कई जगहों पर सार्वजनिक रूप से बड़े परदे पर मैच देखने की व्यवस्था भी रही जिसमें लोग एकत्र होकर मैच देखते रहे। इधर जैसे ही भारत ने मैच जीता वैसे की नगर में जश्न का दौर शुरू हो गया। देर रात तक लोग जश्न मनाते दिखे। तिरंगा लेकर लोग नाचते-कूदते रहे। मिठाईयां बांटी, जमकर आतिशबाजी हुई।

### विकेट गिरने से मायूस होते रहे फैन

टीवी पर लोग पूरे समय तक चिपके रहे। भारत की शुरुआती बल्लेबाजी अच्छी हुई लेकिन उसके बाद शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा के विकेट गिरने से मायूसी सी छा गई। उसके बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी के संघर्ष को दिल थाम कर देखते मिले। केएल राहुल और हार्दिक पांड्या के धमाकेदार और सूझबूझ से खेली गई पारी से लोगों को सांस आई।

### जश्न में डूबे लोग

भारत ने न्यूजीलैंड को जैसे ही चार विकेट से हराया हटा नगर के लोग सड़कों पर उतर आए। भारत का तिरंगा झंडा लहराते हुए लोग सड़कों पर आ पहुंचे। नगर के मंदिर मस्जिद चौराहा, नायक तिगड्डा, रतन बजरिया, पर जश्न का माहौल नजर आया। लोगों ने अपने घरों में जमकर फटाखे फोड़े, आतिशबाजी 45 वे ओवर से ही शुरू हो गई। भारत जीत के करीब पहुंच चुकी थी। चैंपियन ट्राफी जीतने के बाद पूरा उत्सव का माहौल रहा। लोगों ने जीत के सफर को अपने मोबाइलों में कैद कर वाट्सएप में डालकर एक दूसरे को बधाई देने लगे और मंदिर मस्जिद चौराहा पर हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाकर जमकर जश्न मनाते हुए देर रात तक लोग झूमते रहे और भारत को ट्राफी मिलने की खुशी मनाते दिखे ऐसा लग रहा था मानो दिवाली का माहौल हो।

# जलविहार यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बंगलवारा(सगरा) में चल श्रीमद् भागवत के विश्राम पर हवन भंडारा तत्पश्चात जलबिहार यात्रा निकाली गई।जिसमे आस्था सैलाब उमड़ा और भक्ति के रंग रंगे भक्तो ने खूब गुलाल अबीर उड़ाई भक्ति महोत्सव का आनंद उठाया इस दौरान महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग भक्ति संगीत की धुनों पर खूब नाचते हुए ईश्वर के प्रति अपनी आस्था प्रगट की सैकड़ों की संख्या में लोग जल विहार यात्रा में शामिल बाजे गाजे के साथ विराजित देव पीठों का जलविहार किया कथाचार्य पंडित आशीष कृष्ण जी ने बताया धर्म ग्रंथों के अनुसार, यज्ञ और हवन कराने की परंपरा सनातन काल से चली आ रही है। हवन को आज भी उतना ही शुभ फलदायी माना जाता है जितना कि सनातन काल में माना जाता था। हवन, यज्ञ के बिना कोई भी पूजा, मंत्र जप पूर्ण नहीं हो सकता। हवन को हिंदू धर्म में शुद्धिकरण का एक कर्मकांड माना गया है। हवन कुंड में अग्नि के माध्यम से ई देवता को हवि (भोजन) पहुंचाने की प्रक्रिया है। स्वास्थ्य क एवं समृद्धि के लिए भी हवन किया जाता है। अग्नि में जब औषधीय गुणों वाली लकड़ियां और शुद्ध गाय का घी डालते क हैं तो उसका प्रभाव सुख पहुंचाता है। श्रीमद् भागवत कथा भक्ति महोत्सव के समापन अवसर पर जलविहार यात्रा में ग्राम के समस्त लोगों ने शामिल होकर आनंदमय माहौल में जल विहार किया और भक्ति महोत्सव का आनंद उठाया।

# टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की सुविधाओं का होगा विस्तार



**तेन्दूखेड़ा।** जिले की सीमा में फैले हुए प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों के कुनबा बढ़ने के साथ ही यहां आने वाले सैलानियों की संख्या भी बढ़ रही है लेकिन अब तक टाइगर रिजर्व में सैलानियों को विशेष सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं है। लेकिन जल्दी ही टाइगर रिजर्व के सैलानियों को लग्जरी सुविधाएं मिलेंगी। दरअसल जबलपुर सागर स्टेट हाइवे पर स्थित रहली- झलौन मार्ग स्थित टाइगर रिजर्व की सीमा के पास के ग्राम छिरारी में 4 हेक्टेयर भूमि पर टूरिस्टों के लिए सुविधा केंद्र बनेगा, जिसमे बच्चों के लिए प्ले जोन, पार्किंग, इंटरप्रिटेशन सेंटर, टिकट घर के अलावा कई तरह की सुविधाएं होंगी। जिसके लिए विभाग को भूमि मिल चुकी है व टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा डीपीआर बनाकर विभाग को भेज दी है। इससे स्थानीय लोगो को भी रोजगार मिलेगा छिरारी के पास ही कुछ व्यवसायी भी पर्यटकों के लिए होटल आदि का निर्माण करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसके लिए व्यवसायियों ने जमीनें भी खरीद ली हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी ने बताया कि यहां पर्यटन के जरिए स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ने की संभावना है। इसी बात को ध्यान रखते हुए शासन ने वन विभाग को 4 हेक्टेयर जमीन दी है। यहां हम लोग ईको टूरिज्म बढ़ाने इंटरप्रिटेशन सेंटर, टिकट घर, पार्किंग और बच्चों के लिए गेम जोन तैयार करेंगे, जिसकी डीपीआर तैयार कर शासन को भेज दिया है।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा का किया औचक निरीक्षण

### 425 महिलाओं ने उठाया स्वास्थ्य लाभ



**दमोह।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विकासखंड पटेरा में लगाये गये विशेष जांच क्लीनिक दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पहुंचकर संस्था में दी जा रही सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जोखिम वाली चिन्हित महिलाओं में से आधी महिलाओं के पहुंचने एवं जोखिम वाली महिला के लिए वाहन व्यवस्था न बनाने तथा स्वास्थ्य सेवा लेने पहुंची गर्भवती महिलाओं के पीने के पानी की सुविधाजनक व्यवस्था तथा पृथक फूड काउंटर न पाये जाने पर गहरा असंतोष जताया। कलेक्टर श्री कोचर ने सी.बी.एम.ओ. को व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जोखिम एवं सामान्य गर्भवती महिलाओं के पंजीयन काउंटर पृथक बनाये जायें। यह ध्यान रखा जाये कि जोखिम वाली महिलाओं को स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सीय जांच-उपचार में अनावश्यक विलंब न हो। पृथक फूड काउंटर बनाकर गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक स्वल्पाहार दिया जाये। सुविधापूर्ण बैठक व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था तथा जोखिम वाली महिलाओं को संस्था तक लाने एवं छोड़ने के लिए 108 वाहन की व्यवस्था बनाई जाये। यह ध्यान रखा जाये कि उक्तानुसार व्यवस्था अनवरत जारी रखी जाये। स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रवेन्द्र ठाकुर ने 59 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया गर्भावधि दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य देखरेख और उपचार के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पी.एम.एस.एम.ए.) के तहत लाक्षणिक आधार पर चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के अलावा गर्भावधि में पलायन के पश्चात वापस गांव आने वाली महिलाओं को भी चिन्हित कर स्वास्थ्य लाभ दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेन्दूखेड़ा, जबेरा, हिण्डोरिया, बटियागढ़ एवं पटेरा में आयोजित विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 425 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, जांच-उपचार सेवा दी गई।

## होली पर्व पर अपरान्ह 3 बजे तक जिले में शुष्क दिवस घोषित

**दमोह।** होली पर्व पर लोकहित एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, 14 मार्च 2025 को अपरान्ह 03 बजे तक दमोह जिले में ₹शुष्क दिवस₹ घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कोचर ने कहा है दमोह जिले में स्थित समस्त मदिरा के फुटकर विक्रय केन्द्र, एफ.एल.-2, एफ.एल.-3, बार होटल तथा थोक विक्रय केन्द्र, देशी मदिरा मद्य भण्डागार दमोह एवं हटा, होली पर्व 14 मार्च 2025 को अपरान्ह 03 बजे तक बंद रखे जायेंगे तथा मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# पुरुष सहभागिता सम्मेलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा के अंतर्गत कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार राष्ट्रीय परिवार कल्याण के अंतर्गत मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक बरोनिया क्रे निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय पुरुष सहभागिता का सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आमंत्रित सदस्यों में हरि सिंह जनपद सदस्य कुलवा अध्यक्ष स्वास्थ्य समिति कुम्हारी, श्रीमती आरती पति विनय चैनपुरिया सरपंच ग्राम छेवला एवं गौरव नामदेव जिनके द्वारा एन. एस. व्ही.टी.कराई गई। पुरुष सहभागिता सम्मेलन में डॉक्टर अशोक बरौनिया मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी पटेरा द्वारा पुरुष नसबन्दी क्या है। उपस्थित गणमान्य एवं लक्ष्य दम्पति के लिए समझाइस दी गई कि पुरुष नसबन्दी आसन एवं सरल तरीका है जिसमें ना कोई चीरा ना कोई टांका लगाया जाता है। महिला की अपेक्षा नसबंदी बहुत ही आसान तरीका है। पुरुष नसबंदी के महत्व के बारे में समझाया गया। इसके पश्चात बीई ई प्रमोद तंतुवाय द्वारा पुरुष नसबंदी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई कि इसके अंतर्गत मुख्य तौर पर पुरुष नसबंदी के बारे में पूर्व से चली आ रही है। गलत धारणाओं को दूर करना है पुरुष नसबंदी के बारे में जो भी भ्रांतियां हैं। जैसे कमजोरी आना, शारीरिक श्रम एवं मजदूरी नहीं कर पाना वैवाहिक जीवन का आनंद नहीं ले पाना। इन सभी भ्रान्ति दूर करने एवं ये सभी अफवाह है हमें इस सोच को बदलना है। इस बात पर जोर दिया गया की देखने में आ रहा है कि समुदाय ही नहीं बल्कि हमारे स्वास्थ्य कर्मचारी सेवा प्रदाता ही इस विषय पर समुदाय में बात करने में हिचकिचाते हैं। जबकि हमें समुदाय को पुरुष नसबन्दी के बारे में जागरूक करना है। पुरुष नसबंदी के लाभ के बारे में जानकारी दी गई जो इस प्रकार है। महिला नसबंदी ऑपरेशन की अपेक्षा पुरुष नसबन्दी बहुत ही आसान तरीका है जो बिना चीरा के किया जाता है ना कोई चीरा ना कोई टांका ना कोई पट्टी तुरंत छुट्टी पुरुष नसबन्दी के बाद किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। एन एस व्ही टेंशन खत्म, ताकत उतनी की उतनी रहता है उतना ही दम. विवाह के जीवन में किसी प्रकार का कोई फर्क नहीं पड़ता, आपरेशन5-10 मिनिट में हो जाता है उसके के बाद पैदल चलकर घर जा सकते है। NSVT कराने पर शासन द्वारा निर्धारित राशि 3000 रूपये खाते में दी जाती है। इस अवसर पर उपस्थित गौरव नामदेव द्वारा इनके द्वारा एनएसवीटी विधि को अपनाया गया है के द्वारा जानकारी दी गई कि इस आपरेशन से मुझे एवं मेरी फैमिली को कोई परेशानी नहीं है। पुरुषों को आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहिए उपस्थित लोगो से अधिक से अधिक इस विधि की सेवा का लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर बी पी एम अनिल कटारिया, बी सी एम ममता गुप्ता, अमित अहिरवार, परम लाल साहू, विजय अहिरवार, लोकेश नेमा, देवेश पटेल आदि की उपस्थिति रही।

एक दिवसीय कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने दिये निरोगी जीवन जीने के टिप्स....

# 'अच्छे स्वास्थ्य और निरोगी जीवन के लिए जैविक वाटिका लगायें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




पर्यावरण नियोजन एवं समन्वयक संगठन (एपको) की भोपाल इकाई के द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में ईको क्लब के अंतर्गत पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के खाद्य वैज्ञानिक डॉ बी एल साहू और श्रीराम कुरेरिया जो कि आर्गेनिक फार्मिंग और नेचुरल फार्मिंग के विशेषज्ञ है कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे।

प्रभारी प्राचार्य डॉ पी के जैन, वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एन आर सुमन और कार्यक्रम की संयोजक डॉ मीरा माधुरी महंत मंच पर उपस्थित रहीं। डां माधुरी महंत ने विषय विशेषज्ञों का परिचय और कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया। श्री राम कुरेरिया ने मेहता आर्गेनिक ग्रीन दमोह के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों का प्रोजेक्टर के माध्यम आर्गेनिक खाद निर्माण सहित विभिन्न जानकारी साझा की। उन्होंने वर्मी कंपोस्ट की विधि और उसकी उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने कहा की रासायनिक खाद और दवाईयों से जमीन की उर्वरा शक्ति क्षीण हुई है। इसलिए देश और दुनिया के किसानों में वर्मी कंपोसट को न केवल अपना रहे हैं बल्कि जागरूक भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा की कीट और केंचुआ हमारे मित्र हैं हमें इनकी उपयोगिता को समझने की जरूरत है। उन्होंने जैविक खेती को प्रोत्साहित किया और इसकी विधि विद्यार्थियों से साझा किया।डॉ पी के जैन ने कहा कि वर्मी कंपोस्ट एक पुरानी पद्धति और उपयोगी पद्धति रही है पर किसान अधिक उत्पादन के लालच में रासायनिक खाद और दवाईयों का उपयोग कर रहें हैं पर इससे खेत और मनुष्य के लिए हानिकारक है। इसलिए पुरानी पद्धति को ही अपनाया जाना चाहिए। कृषि वैज्ञानिक साहू ने पोषण वाटिका लगाने पर और होली पर हर्बल गुलाल उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने दमोह में लगने वाले जैविक हाट में जाने और जैविक उत्पादों को खरीदने और उपयोग करने की बात कही।उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से गोबर गैस, जैविक खेती, जैविक वाटिका, वर्मी कंपोस्ट सहित अन्य उपयोगी और तकनीकी जानकारी दी। डॉ एन आर सुमन ने सस्टेनेबिल डेवलपमेंट इन इंडिया विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने इसके इतिहास और वैश्विक प्रयास पर जानकारी दी। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से सस्टेनेबिल डेवलपमेंट की तथ्यात्मक जानकारी दी।

इस दौरान कार्यशाला में पंजीकृत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आयोजक समिति सदस्य एन पद्मा कुमार ने प्रमाण पत्रों का लेखन एवं वितरित कराने में सहयोग किया । कार्यक्रम का संचालन निहारिका चौरसिया ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक, सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## हाई स्कूल परीक्षा में 275 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2025 के अंतर्गत सोमवार को गणित विषय का प्रश्न पत्र आयोजित किया गया, जिले में 84 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 16,728 दर्ज विद्यार्थियों में से 16,453 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 275 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी केंद्र पर कोई नकल प्रकरण नहीं बना।

## आचार्य श्री समय सागर जी का सतना से मंगल विहार

**कुंडलपुर।** युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का मंगल विहार श्री नेमीश्वर धाम विद्या ज्योतिर्मय तीर्थ क्षेत्र सतना से ससंघ (14 मुनिराज 9 क्षुल्लक जी महाराज) का आज प्रातः मंगल विहार हुआ । आचार्य संघ की विहार दिशा संभावित पूज्य बड़े बाबा की नगरी कुण्डलपुर की ओर बताई जा रही है। आचार्य संघ की आहारचर्या डीएमडी रिसॉर्ट नागौद रोड सतना में संपन्न हुई ।ज्ञात हो कि आचार्य श्री को कुण्डलपुर ससंघ पधारने का निवेदन 5 मार्च को कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ ने सतना जाकर श्रीफल अर्पित कर किया था। पुनः कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी इंजी. आरके जैन, अजित कण्डया ,अमर सेठ, विजय डायमंड आदि ने सतना पहुंचकर श्रीफल अर्पित कर निवेदन किया । आचार्य श्री ससंघ का सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में मंगल पदार्पण हो, ग्रीष्म कालीन वाचना हो ऐसी मंगल भावना सकल दमोह जिला जैन समाज, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी एवं समस्त क्षेत्र वासियों की है।

## एक्सीडेन्ट में घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**तेंदूखेड़ा।** बीते दिन पांच मार्च को तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेलढाना ग्राम में बाइक सवार ने अंधे मोड़ पर साईकिल सवार को टक्कर मार दी थी जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया था जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। लेकिन पांच दिन तक चले इलाज के दौरान मोहन पिता आशाराम केवट उम्र 50 वर्ष निवासी बैलढाना की मौत हो गई है। वहीं रामलाल पिता निद्रा केबट उम्र 60 वर्ष का इलाज अभी चल रहा है सोमवार को मोहन केवट का अंतिम संस्कार बैलढाना ग्राम में हुआ है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### कलेक्टर ने पटेरा विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

# किसी भी विद्यार्थी को जमीन पर बैठकर परीक्षा न देना पड़े, व्यवस्था करें : कलेक्टर






हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा का प्रतिदिन विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 10 मार्च को आयोजित हाई स्कूल परीक्षा के अंतर्गत गणित विषय के प्रश्न पत्र के दौरान परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय पटेरा, सी.एम. राइज पटेरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी एवं पटेरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कुम्हारी परीक्षा केंद्र में केंद्राध्यक्ष द्वारा ब्लैक बोर्ड पर प्रविष्टि न करने पर हिदायत दी गई आगामी परीक्षा दिवस में विधिवत प्रविष्टियां सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पटेरिया परीक्षा केंद्र का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा यहां पर विद्यार्थियों को जमीन पर बैठना पड़ रहा है। उन्होंनें ने कहा अगला पेपर 13 मार्च को है उससे पहले यहां पर विद्यार्थियों के लिए सिंगल डेस्क और सिंगल बेंच लगाई जाएगी। किसी भी विद्यार्थी को जमीन पर बैठकर परीक्षा ना देना पड़े व्यवस्था अगले पेपर में सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा पटेरा में देखा है कि फर्नीचर रखा हुआ है वह फर्नीचर यहां पर बुलवा रहे हैं, वह विद्यार्थियों के लिए लगाया जाएगा ताकि 13 मार्च को विद्यार्थी गरिमा पूर्ण तरीके से पेपर दे सके। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सभी केंद्राध्यक्ष ध्यान रखें सभी कक्षों में लाइट चालू रखें खिड़कियां खुली रखें। केंद्राध्यक्ष एवं अन्य पर्यवेक्षकों के मोबाइल विधिवत शील्ड रखें। प्रश्न पत्र कोई भी हो परीक्षाएं हमेशा संवेदनशील रहतीं हैं, अतः सभी केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक परीक्षाओं के दौरान पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने केंद्राध्यक्ष को निर्देशित किया कि छात्रों की तलाशी प्रतिदिन ठीक तरह से ली जाए किसी भी स्थिति में मोबाइल या कोई भी नकल सामग्री परीक्षा केंद्र तक न पहुंच सके।

### फॉर्मर आई डी कार्य का लिया जायजा



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज प्रातः 09 बजे से पटेरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुँचे। श्री कोचर शाम करीब 04 बजे तक विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर चल रहे फॉर्मर आई डी कार्य का जायजा लिया और सबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समयवाधि में कार्य पूर्ण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर ग्राम पटेरिया में फार्मर आईडी संबंधी सर्वे कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा शेष फार्मर आईडी तय समय अनुसार बनाई जाए। डोर-टू-डोर सर्वे किया जाए। यहां पर बताया गया ग्राम पटेरिया में 273 में से 220 फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। इसी प्रकार कलेक्टर श्री कोचर ग्राम मझगुवा हंसराज पहुँचे। यहां सर्वेयर से फॉर्मर आईडी की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यहां 323 में से 245 आई डी बनाई जा चुकी हैं। यहां उन्होंने ग्राम कुम्हारी में फॉर्मर आई डी कार्य देखा। श्री कोचर ने कहा सर्वेयर फील्ड पर जाए, नारजगी व्यक्त करते हुए कहा 13 मार्च तक कार्य पूरा किया जाए, सर्वयेर की मदद लेकर डोर-टू-डोर कार्य किया जाए। यहां 687 में से 249 आई डी बनाई जा चुकी हैं। कलेक्टर अपने भ्रमण के दौरान ग्राम बमनपुरा और देवडोंगरा भी पहुँचे। उन्होंने यहां पटवारी और सर्वेयर से फॉर्मर आई डी के सबंध में जानकारी लेते हुए कहा कार्य तय समय सीमा में सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी मौजूद रहे।

## किसी भी स्थिति में गोकशी या गौ हत्या बर्दाश्त नहीं-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा किसी भी स्थिति में गोकशी या गौ हत्या को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इस उद्देश्य से पुलिस प्रशासन, वन विभाग और नगरपालिका सभी मिलकर के संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रहे हैं। अभी 3 दिन लगातार अभियान चलाया है जिससे करोड़ों की जमीन मुक्त हुई है, वहां से मलवा भी तत्काल हटाया जा रहा है और उस जमीन को सुरक्षित करने की भी निर्देश दिए हैं कि वहां पर फेंसिंग करवा दी जाए, नगर पालिका उसका एक प्रस्ताव दे रही है और हम पूरी फेंसिंग करवाएंगे ताकि जगह फिर से उस तरह से ना हो। उन्होंने कहा जो रैंप बने हुए थे वह भी हटवा दिए गए हैं। वह सुनसान एरिया है, वहां पर रात के समय में वन विभाग और पुलिस विभाग मिलकर लगातार गस्त करेंगी। इसके अलावा आज दमोह हेल्पलाइन पर भी मैसेज कर दिया है कि जहां पर भी किसी को ऐसा लगता है की गोकशी की घटना हो रही है या होने की संभावना है तो हमें दमोह हेल्पलाइन नंबर-07812-350300 पर जरूर बताएं, शिकायतकर्ता का नाम और नंबर गोपनीय रखा जायेगा, इससे हमको इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए मदद मिलेगी।

### अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले आरोपी

## तारादेही पुलिस ने कार से जब्त की 21 पेटी अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तारादेही

रविवार की रात तारादेही पुलिस द्वारा अवैध रूप से बिकने जा रही बड़ी मात्रा में शराब की पेटियां बरामद की यह शराब की पेटियां जंगल में छिपाकर रखी गई थी, जिसे आरोपी पुलिस को देख छोड़कर भाग गए। आपको बता दें कि एक अप्रैल से नए शराब ठेके शुरू होने वाले हैं, जिससे पहले शराब माफिया अवैध तरीके से शराब खपाने में लगे हैं। तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुख्य मार्ग पर चेकिंग लगाई और पुलिस को देखते ही कार चालक वाहन मोड़कर जेतगढ़ की ओर भाग निकला। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन पोड़ी और बम्होरी मार्ग पर कार खड़ी मिली तलाशी के दौरान पास के जंगल में 21 पेटी शराब बरामद हुई, लेकिन आरोपी भागने में सफल रहे। अंधेरे में तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला कार क्रमांक एमपी 20 जेडपी 4029 को जब्त किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार, बरामद अवैध शराब की कीमत 1 लाख रुपए, जबकि जब्त कार की कीमत 9 लाख रुपए आंकी गई है। जिससे कुल 10 लाख रुपए का माल जब्त किया गया गौरतलब है कि शराब के नए ठेके शुरू होने से पहले पुराने ठेकेदार अपना स्टॉक खत्म करने के लिए ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब की बिक्री करवा रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मामले में थाना पर अपराध क्र32/25 धारा34(2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजीव पुरोहित इमरत सींग ठाकुर आर.760 संतोष आर.477 ओमकार.आर472 शैलेंद्र सिंह आर.102 पंकज. आर.64 भगत की भूमिका रही।

### जबलपुर जिले से आ रही अवैध शराब

वहीं सूत्रों द्वारा मिली जानकारी अनुसार बताया गया है कि तेन्दूखेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में रात के वक्त जबलपुर जिले अवैध शराब लाई जा रही है। जिसकी भनक किसी को नहीं है ना ही पुलिस द्वारा रात के वक्त वाहनों को चेक किया जाता है। जबलपुर जिले की सीमा तेन्दूखेड़ा से 15 किमी दूर से लग जाती है जिसके चलते शराब माफिया जिले की सीमा से लगे गांवों में शराब पहुंचा रहे हैं। खबर यह भी है कि शराब की ढुलाई सरकारी वाहन या फिर कई प्राइवेट एंबुलेंस के माध्यम से की जा रही है। अगर 27 मील और पंडा बाबा के बेरियर में चेकिंग की जाए तो आए दिन बड़ी संख्या में शराब जब्त की जा सकती है लेकिन तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## चौरईया में नेटवर्क की समस्या के बावजूद फार्मर हो रहा फार्मर आईडी कार्य



**बनवार।** दमोह जिले के जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम चौरईया में नेटवर्क की समस्या के कारण ग्राम पंचायत भवन की छत से फार्मर आईडी का कार्य किया गया। यह कार्य इसलिए किया गया ताकि नेटवर्क की समस्या के बावजूद भी कार्य को पूरा किया जा सके। 31 मार्च तक कलेक्टर के आदेश अनुसार किसान फार्मर आईडी कंप्लीट करने निर्देश दिए गए। यह कार्य ग्राम पंचायत सचिव पटवारीद्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा और एमपी ऑनलाइन सेंटर से भी यह कार्य किया जा रहा है। लेकिन जबेरा जनपद के कुछ ऐसे गांव हैं जहां नेटवर्क की समस्या आ रही है जिससे किसान फार्मर आईडी बनाने में दिक्कतों सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यहां तक पहुंच गई की पूरे गांव में नेटवर्क की समस्या के चलते ग्राम पंचायत की छत पर चढ़कर किसान फार्मर आईडी बनाई जा रही है।

## आचार्य श्री के श्री चरण की हुई आगवानी



**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को नगर में राष्ट्र के महायोगी, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सलेखना समाधि के एक वर्ष पुरे होने के उपरांत, उनके स्मरण में उनका सानिध्य सदैव सभी को मिलता रहें इस भावना से सपूर्ण देश में आचार्य श्री जी के 108 किलो वजनी श्री चरण जैन मंदिरों में बड़ी भक्ति भाव से स्थापित किये जा रहें हैं। तेंदूखेड़ा स्थित श्री शांतिनाथ मंदिर में भी विद्यायतन डोंगरगढ़ से आचार्य श्री जी के चरणों का सोमवार को नगर प्रवेश हुआ जिनकी भव्य आगवानी संपूर्ण समाज द्वारा श्रद्धा एवं गरिमा के साथ की गई। इस यात्रा में भागचंद जैन, सोनू सिंघई, सुधीर जैन, दीपक गोयल, सुंदर लाल जैन शिक्षक, अमित जैन, सोनू जैन, शैलेन्द्र बड़कुल, महेश सिंघई, सतेंद्र जैन, मोनू सिंघई, अभय जैन,राजेंद्र दिगंबर आदि समर्पित गुरु भक्तों की उपस्थिति रही गुरु चरण नगर में स्थापित होने से पुरे नगर में हर्ष व्याप्त हैं। याद करा दें की तेंदूखेड़ा आचार्य श्री जी की कृपा का बड़ा पात्र रहा हैं यहाँ 22 बार आचार्य श्री जी आगमन हुआ एवं नगर में स्थित श्री शांतिनाथ मंदिर विद्यानगर का पूर्ण निर्माण आचार्य भगवान के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से ही हुआ। आज का यह दिवस सभी को स्मरणीय बना।

## हूटर, स्टीकर व अमानक नंबर प्लेट लगाने वालों पर हुई कार्यवाही

**दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा निजी वाहनों में हूटर, फ़्लैश लाइट (लाल/ पीली/नीली बत्ती),वीआईपी स्टीकर एवं अमानक नंबर प्लेट का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध दिनांक 15/03/25 तक विशेष अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत 03 वाहनों के मौके पर ही हूटर निकलवाए गए। अमानक नंबर प्लेट का उपयोग करने वाले 05 वाहनों पर भी चालानी कार्यवाही की गई। निजी वाहनों में हूटर के उपयोग एवं अमानक नंबर प्लेट की शिकायत हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा मोबाइल नंबर 7587647905 जारी किया गया है जिससे उक्त अभियान में आम नागरिक की सहभागिता ली जा सके। इसके साथ ही निरी दलबीर सिंह थाप्र यातायात एवं स्टाफ द्वारा नगर के मारुताल एवं मुक्ति धाम पर सघन वाहन चैकिंग कर 28 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। उक्त 28 वाहनों पर कार्यवाही कर 13600 रुपए का समन शुल्क वसूला गया।



**शहर में यातयात विभाग ने की कार्यवाही**

यातायात पुलिस दमोह द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देश पर निरी दलबीर सिंह एवं स्टाफ द्वारा नगर के मारुताल, मुक्ति धाम एवं अंबेडकर चौराहे पर सघन वाहन चैकिंग कर 19 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। उक्त 19 वाहनों पर कार्यवाही कर 5700 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। - एक ट्रक का चालक एवं एक मोटर साइकिल चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते पाए जाने पर दोनों वाहनों को ज़ब्त किया गया है जिसका प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**मैन ऑफ द मैच सलैया के लकी को दिया गया**

# सलैया ने दमोह को हराकर चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



स्थानीय लंका के टीला पर काली ढाबा के सामने वाले मैदान पर आयोजित संभाग स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला माखन क्लब सलैया की टीम ने चेलेंजर दमोह की टीम को 86 रनों से हराकर जीत लिया। मैच का मैन ऑफ द मैच सलैया की टीम के लकी को दिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सलैया ने नियत 15 ओवर में सभी विकेट खोकर 189 रन बनाए। जवाब में दमोह की टीम 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। फाइनल में दमोह की टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। मैच में अंपायरिंग प्रशांत- रवि, स्कोरिंग - एम एस शेरा, कामेंट्री बृजेश- अरविंद - जीशान बादशाह- मंच सचालन लखन सिंह इत्यादि ने किया। मैच के अंत में विजेता टीम को अतिथियों के करकमलों से 51 हजार रुपया की नगद राशि एवं चमचमाती ट्रॉफी एवं उप विजेता टीम को 25 हजार रुपया की नगद राशि और ट्रॉफी दी गई। मैच में बतौर अतिथि अंकुर खटीक , राजा खान हटा, गणेश सिंह,,देवेंद्र सिंह, एड-संजय साहू,,अन्नु राजपूत , हबीब राजा चौहान, शेख असीम, शानु खान नरेंद्र साहू, सुजात खान आदि मौजूद रहे । टूर्नामेंट के सफल संचालन में टिक्कू दाउ, ब्रजेश मासाब, शंकर चौरसिया, अजय सिंह, केशवेंद्र , मक्खन लाल विश्वकर्मा, मौसम सिंह , शिवम, सतीष आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## सिंग्रामपुर में बनेगा खेल मैदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

सिंग्रामपुर में खेल प्रेमी और खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है. यहां एक करोड़ की लागत से खेल ग्राउंड बनेगा जिसका कार्य प्रारंभ हो गया है आर ई एस के एसडीओ शिवा जी एवं उपेंद्र सुरेश प्रजापति ने निर्माण स्थल पहुंचकर नापतौल करते बाउंड्री वॉल बनाने का काम प्रारंभ कर दिया है। सिंग्रामपुर की जनता की लंबे समय से चली आ रही खेल ग्राउंड की मांग संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह के प्रयासों आज पूरी हो रही जिसके लिए ग्रामवासी गोलू साहू, अजय राय, मुलायम चंद जैन द्वारा मंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। आर ई एस एसडीओ शिवा जी ने बताया सिंग्रामपुर में एक करोड़ की लागत से खेल गांव का निर्माण होगा जिसमें बाउंड्री वॉल सिटिंग एरिया इन हाल है आरसीसी स्टेप है लेडीज एंड जेंट्स टॉयलेट है। मैदान की लेबलिंग नालियां भी है जो बरसात के दिनों में बारिश के पानी की निकासी के लिए बनाई जाना है रानी दुर्गावती खेल स्टेडियम का कार्य पूर्ण होने के लिए 6 महीने का समय निर्धारित किया गया है।

## नाबालिक बच्ची को पन्ना के गुनौर से किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

विगत दिनों ग्राम भैंसा की 15 वर्षीय नाबालिक बच्ची बिना बताए घर से कहीं बाहर चली गई थी परिजनों द्वारा पुलिस थाना में उपस्थित होकर दिनांक 6 मार्च 25 को गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिस पर पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 34/25 धारा 7(2) बीएनएस विवेचना में लिया गया था साइबर सेल की मदद से बच्ची को दिनांक 10 मार्च 25 को पन्ना जिला के गुनौर से बरामद कर न्यायालय में 164 के कथन कराकर बच्ची को उसके माता-पिता को सौंपा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रीति पांडे, छोटे साहब गोदान सिंह, प्रधान आरक्षक अरविंद तिवारी, राधेश्याम परिहार, आरक्षक उमेश सिंह, अनुपमा, साइबर सेल से सौरभ टंडन आदि का सहयोग रहा।